नव भारत
राष्ट्रीयता की 1934 से

# इंदौर में आधी रात मौत का तांडव

# एक चिंगारी से 8 जिंदा जले



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. शहर में मंगलवार तड़के करीब 3 से 3.30 बजे के बीच उस वक्त मौत का तांडव मच गया, जब ईवी कार के चार्जर से निकली एक मामूली चिंगारी ने पूरे घर को आग के हवाले कर दिया. आग ने पास रखे गैस सिलेंडरों को अपनी चपेट में लिया और एक के बाद एक हुए धमाकों से पूरा क्षेत्र दहल उठा. इस भीषण हादसे में 8 लोग जिंदा जल गए, जबकि 4 अन्य गंभीर रूप से झुलस गए.**

घटना तिलक नगर थाना क्षेत्र स्थित 87 अर्हम विला में रहने वाले उद्योगपति मनोज पुगलिया के घर में हुई. बंगाली चौराहे के पास स्थित बृजेश्वरी एनेक्स कॉलोनी में लगी आग की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि गहरी नींद में सो रहे लोगों को संभलने तक का मौका नहीं मिला.

बिजली सप्लाई बंद होते ही घर का डिजिटल गेट नहीं खुल सका और लोग अंदर ही फंस गए. ईवी कार से शुरू हुआ यह मौत का सिलसिला कुछ ही मिनटों में पूरे परिवार को निगल गया और एक ही घर में आठ जिंदगियां हमेशा के लिए खत्म हो गई. आग लगने के समय घर के सदस्य गहरी नींद में थे. जैसे ही सिलेंडरों में विस्फोट हुआ, लोगों ने बाहर निकलने की कोशिश की, लेकिन आग के कारण बिजली सप्लाई बंद हो गई और घर का इलेक्ट्रॉनिक गेट नहीं खुल सका. इस कारण अंदर फंसे लोगों को बाहर निकलने का मौका तक नहीं मिला और देखते ही देखते 8 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 4 अन्य गंभीर रूप से झुलस गए.थाना प्रभारी मनीष लोधा ने बताया कि जनवरी माह में उनके घर मांगलिक कार्य हुआ था, जिसके चलते घर में मेहमानों का आना जाना लगा रहा. हादसे में एक 6 साल के मासूम समेत 12 साल की बच्ची और परिवार के मुखिया की भी मौत हो गई.





### जांच कमेटी बनाने के दिए निर्देश



इस दौरान मंत्री विजयवर्गीय ने ईवी चार्जर से जुड़े खतरों का आकलन करने और सुरक्षा गाइड लाइन तय करने के लिए जांच कमेटी बनाने के निर्देश दिए हैं. फिलहाल पुलिस और प्रशासन मामले की जांच में जुटे हैं. प्रारंभिक तौर पर ईवी चार्जर से लगी आग को हादसे की वजह माना जा रहा है, जिसने सिलेंडर धमाकों के साथ इस त्रासदी को और भयावह बना दिया.

### धमाके के बाद छत के रास्ते घुसी रेस्क्यू टीम

धमाकों की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस व फायर ब्रिगेड को सूचना दी. रेस्क्यू टीमों ने पड़ोसी मकान की छत के रास्ते घर में प्रवेश किया और अंदर फंसे लोगों को बाहर निकालकर एंबुलेंस से एमवाय अस्पताल पहुंचाया. आग बुझाने का काम सुबह तक चलता रहा.

### पीएम ने किया राहत का ऐलान मुख्यमंत्री ने बंधाया ढांढस

शहर में हुए भीषण अग्निकांड में लोगों की मौत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर गहरा दुख व्यक्त किया है. प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिजनों को 2 लाख और घायलों को 50 हजार की सहायता देने की घोषणा की. वहीं, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी घटना पर गहरा दुख जताया और प्रशासन को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए.

### मेहमान बनकर आए रिश्तेदार भी बने हादसे का शिकार

उद्योगपति मनोज पुगलिया के घर आए उनके रिश्तेदार सेठिया परिवार भी ठहरा हुआ था, जिनमें से कई लोग इस हादसे की चपेट में आ गए. मृतकों में मनोज पुगलिया उम्र 65 साल, उनकी बहू सिमरन उम्र 30 साल, साले विजय सेठिया उम्र 65 साल, सुमन उम्र 60, छोटू उम्र 22, राशि उम्र 12, तन्मय उम्र 6 साल और 35 वर्षीय टीना शामिल हैं. बताया जा रहा है कि बिहार के किशनगंज निवासी विजय सेठिया कैंसर के इलाज के लिए परिवार सहित इंदौर आए थे.

# राजनीति में कोई पूर्ण विराम नहीं होता

▸ राज्यसभा में रिटायर्ड सांसदों के विदाई सत्र में पीएम बोले



**नई दिल्ली, 18 मार्च. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा में सेवानिवृत्त हो रहे 37 सांसदों के विदाई सत्र को संबोधित किया. उन्होंने कहा कि राजनीति में कोई पूर्ण विराम नहीं होता. उन्होंने निवर्तमान सांसदों के योगदान को सराहा और विधायी बहसों तथा राष्ट्र-निर्माण में उनकी भूमिका को रेखांकित किया.**

पीएम मोदी ने कहा, सदन के अंदर अनेक विषयों पर चर्चाएं होती हैं, हर किसी का महत्वपूर्ण योगदान होता है, कुछ खट्टे मीठे अनुभव भी रहते हैं, लेकिन जब ऐसा अवसर आता है, तो स्वाभाविक रूप से दलगत भावना से ऊपर उठकर हम सबके भीतर एक समान भाव प्रकट होता है कि हमारे ये साथी अब किसी और विशेष काम के लिए आगे बढ़ रहे हैं. प्रधानमंत्री ने कहा, आज यहां से जो साथी विदाई ले रहे हैं, उनमें से कुछ फिर से आने के लिए विदाई ले रहे हैं और कुछ विदाई के बाद यहां का अनुभव लेकर सामाजिक जीवन में कुछ न कुछ विशेष योगदान के लिए जा रहे हैं. उन्होंने कहा, जो जा रहे हैं, लेकिन आने वाले नहीं हैं, उनको भी मैं कहना चाहूंगा कि राजनीति में कोई फुलस्टॉप नहीं होता है. आपका अनुभव, आपका योगदान राष्ट्र जीवन में हमेशा बना रहेगा.

कांग्रेस के राज्यसभा सांसद **दिग्विजय सिंह** कार्यकाल अप्रैल में खत्म होने जा रहा है. बुधवार के दिन उन्होंने राज्यसभा में एक तरह से अपना विदाई भाषण दिया. जहां उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की कविता की लाइनें पढ़ीं और सभी के प्रति आभार जताया.

कांग्रेस अध्यक्ष **मल्लिकार्जुन खड़गे** ने पूर्व पीएम एचडी देवगौड़ा के बारे में कहा, मैं सबसे पहले देवगौड़ाजी का उल्लेख करना चाहूंगा. मुझे पता नहीं कि उन्हें क्या हुआ, मोहब्बत हमारे साथ की, लेकिन शादी मोदीजी के साथ की. इस पर पीएम को हंसी आ गई.

## ईरान के खुफिया मंत्री खतीब की मौत का दावा

**तेल अवीव, 18 मार्च (वार्ता)** इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने दावा किया है कि ईरान की राजधानी तेहरान में रात भर किए गए इजरायली हवाई हमले में ईरानी खुफिया मंत्री इस्माइल खतीब मारे गए हैं. रक्षा मंत्री ने एक सुरक्षा समीक्षा बैठक के दौरान यह भी संकेत दिया कि आगे भी सभी मोर्चों पर चौंकाने वाली जानकारी मिल सकती है. रक्षा मंत्री कार्यालय द्वारा जारी बयान के अनुसार, काट्ज ने कहा कि ईरान और लेबनान में हिजबुल्लाह के खिलाफ चलाए जा रहे युद्ध की तीव्रता बढ़ाई जा रही है. इजराइल ने ईरान के टॉप मोस्ट नेताओं को अपनी लिस्ट में रखा है.

# 54,926 करोड़ की चार प्रमुख योजनाओं पर मुहर

▸ पीएम की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की अहम बैठक

**नई दिल्ली, 18 मार्च.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल की अहम बैठक हुई. यहां देश की अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए कई बड़े फैसले लिए गए हैं. सरकार ने उद्योग, कृषि, सड़क निर्माण और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों को लक्षित करते हुए कुल 54,926 करोड़ रुपए के भारी-भरकम वित्तीय परिव्यय वाली चार प्रमुख योजनाओं पर मुहर लगाई है. बैठक के संपन्न होने के बाद सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इन फैसलों की विस्तृत जानकारी मीडिया के साथ साझा की. उन्होंने बताया कि भारत औद्योगिक विकास योजना (भव्य), कपास एमएसपी (2023-24), राजमार्ग और इंफ्रास्ट्रक्चर (राष्ट्रीय राजमार्ग-927), लघु पनबिजली विकास योजना के लिए बैठक में राशि देने की घोषणा की गई है.





